(c) सीसा और जस्ता – जावर
(d) टंगस्टन – पलाना

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (d) : सही सुमेलन है–

खनिज –	**खनन क्षेत्र**
तांबा	खेतड़ी (झुन्झुनू), बीदासर (चूरू), बालेश्वर (सीकर) नंदवमल अकोदरा (उदयपुर)
लौह अयस्क	मोरीजा-बनोला (जयपुर), लालसोटा(दौसा), तोंडा (झुंझुनू)
सीसा और जस्ता	जावर क्षेत्र, मोचिया-मागरा, देबारी, बलारिया (उदयपुर)
टंगस्टन	डेगाना भाकरी (नागौर), नाना कराब (पाली) बाल्दा, आबूरोड (सिरोही)

1044. रोहिली खानें किस खनिज से संबंधित हैं?
(a) थोरियम (b) यूरेनियम
(c) बेरिलियम (d) अभ्रक

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : रोहिल खानें यूरेनियम से संबंधित है। राजस्थान के सीकर जिले में स्थित रोहिल खदान में 5185 टन यूरेनियम के भण्डार होने का अनुमान । जहाजपुरा (भीलवाड़ा), उमरड़ा (उदयपुर), किशनगढ़ (अजमेर) आदि राजस्थान स्थित यूरेनियम की अन्य खानें हैं।

1045. हाल ही में सोने के भण्डारों की संभावना के लिए देवतलाई गाँव खबरों में था। यह स्थान स्थित है–
(a) अलवर में (b) भीलवाड़ा में
(c) जयपुर में (d) दौसा में

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान का देवतलाई नामक गाँव हाल ही में सोने के भंडारों की संभावना के लिए खबरों में था। यह गाँव भीलवाड़ा जिले में स्थित है।

1046. फरवरी 2022 में RPSC के अध्यक्ष पद पर किसे नियुक्त किया गया?
(a) अजयसिंह चौहान (b) आशुतोष गुप्ता
(c) एस.सी. त्रिपाठी (d) संजय कुमार श्रोत्रिय

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : 16 फरवरी, 2022 को RPSC (राजस्थान लोक सेवा आयोग) के अध्यक्ष पद पर श्री संजय कुमार श्रोत्रिय को नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग में एक अध्यक्ष एवं सात सदस्य हैं। यह पद संवैधानिक है एवं राज्य के महामहिम राज्यपाल के द्वारा इन पदों पर नियुक्ति की जाती है।

1047. निम्न में से कौन से स्थान जिंक खदानों से सम्बन्धित हैं?
1. मोचिआ 2. डींगोर
3. बलारिया 4. डाडिया
5. जावर माला

दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–
(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 3 और 5
(c) 1, 2 और 3 (d) 3, 4 और 5

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (b) : जावर माइंस में चार खदानें हैं–मोचिआ, बलारिया, जावरमाला और बरोई जो जिंक खदानों से सम्बन्धित है। जावर खानों का समूह राजस्थान राज्य में उदयपुर जिले में अवस्थित है।

1048. अगुंचा–गुलाबपुरा खनन क्षेत्र निम्न में से खनिजों के किस जोड़े के लिए प्रसिद्ध है?
(a) Zb-Pb (b) Mg-Mn
(c) Fe-Ni (d) Ag-Au

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : खनिज मूल्य की दृष्टि से धनी राज्य राजस्थान में जस्ता-सीसा, चाँदी, टंगस्टन, तांबा एवं जिप्सम इत्यादि खनिज पाये जाते हैं। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में स्थित 'अंगुचा–गुलाबपुरा' खान सीसा एवं जस्ते की प्रसिद्ध खान है। जावर तवा रामपुरा-अगूचा भी सीसा-जस्ते की प्रसिद्ध खान है।

1049. खो–दरीबा क्षेत्र .... के लिए प्रसिद्ध है।
(a) तांबे की खानों
(b) लोहा अयस्क खानों
(c) चूने के पत्थर की प्रचुरता
(d) कोयले की खानों

मोटर वाहन उपनिरीक्षक -2021 Paper-I
Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : 'खो-दरीबा' अलवर जिले में तांबे की प्रसिद्ध खान है। तांबे की राज्य में एक अन्य प्रसिद्ध खान खेतड़ी है जो झुंझुनू जिले में है।

1050. राजस्थान में किस जिले में कैल्सीओरथिड पायी जाती है?
(a) उदयपुर (b) सीकर
(c) जयपुर (d) सिरोही

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019

Ans. (c) : राजस्थान के जयपुर में कैल्सीओरथिड मिट्‌टी पायी जाता है। यह नदियों के द्वारा बहाकर लायी गयी उपजाऊ मिट्‌टी जिसमें नाइट्रोजन व कार्बनिक लवण पर्याप्त मात्रा में पायी जाती है। पीले रंग फेरिक ऑक्साइड के उच्च स्तर के जल योजन के कारण होता है। इसका Ph मान 5.5 से 8.5 के बीच होता है। यह खरीफ व रबी दोनों फसलों के लिए उपयुक्त है।

1051. निम्नलिखित में से कौनसा (खनिज–उत्पादक जिला) सही सुमेलित नहीं है?
(a) टंगस्टन – नागौर
(b) गार्नेट – टोंक
(c) फेल्डस्पार – उदयपुर
(d) वोलेस्टोनाइट – सिरोही

House Keeper 2022_09.07.2022

Ans. (c) :

खनिज	**– उत्पादक जिला**
टंगस्टन	– नागौर
गार्नेट	– टोंक
फेल्डस्पार	– अजमेर
वोलेस्टोनाइट	– सिरोही

1052. राजस्थान में सर्वाधिक 'फेल्सपार' उत्पादक जिला है–
(a) अजमेर (b) भरतपुर
(c) चित्तौड़गढ़ (d) डूंगरपुर

MVSI-2013
Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020